# चिकित्सकों का त्याग, सेवा व समर्पण अनुकरणीय : अनुसुईया उइके



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि चिकित्सक समाज की रीढ़ होते हैं। उनका त्याग, सेवा और समर्पण अनुकरणीय है। कोरोना काल से लेकर अब तक डॉक्टरों ने जो कार्य किया है, वह सच्ची राष्ट्र सेवा है।

उइके गत दिवस राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर होटल देव इंटरनेशनल छिन्दवाड़ा में राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ की छिंदवाड़ा शाखा द्वारा आजोजित एक भव्य सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी उन्होंने जिले के समर्पित और सेवाभावी वरिष्ठ चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया।

पूर्व राज्यपाल उइके ने आयुष चिकित्सकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आयुष चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक पहुँचाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है उन्होंने सभी चिकित्सको को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

कार्यक्रम में संघ पदाधिकारी डॉ. राजा ठाकुर (जिला अध्यक्ष), डॉ. धर्मेन्द्र मेरावी (जिला सचिव), डॉ. दिलीप खरे, डॉ. राकेश जैन, डॉ. प्रमिला मालवकर, डॉ. दर्शना ईवनाती, डॉ. शिवानी साहू, डॉ. नीरज विश्वकर्मा, डॉ. अंकुश साहू व डॉ. गौरव साहू एवं अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

# राम शांति विद्या मंदिर ने मनाई रजत जयंती 25 वर्षो की उत्कृष्टता और समर्पण की गौरवगाथा

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था राम शांति विद्या मंदिर ने अपनी स्थापना के 25 गौरवपूर्ण वर्षों का भव्य उत्सव मनाया। यह रजत जयंती समारोह न केवल स्मृतियों का संकलन था, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का उत्सव भी रहा।

वर्ष 2000 में रामजीदास बुधराजा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थापित यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण और सुसंस्कारित शिक्षा के उद्देश्य के साथ प्रारंभ हुआ था। तब से अब तक की इस 25 वर्ष की यात्रा में विद्यालय ने शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं।

इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुभाष बुधराजा अपने परिवार सहित उपस्थित रहे और विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इसे सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। चेयरपर्सन श्रीमती सरोज बुधराजा ने संस्था की 25 वर्षों की भावनात्मक और प्रेरणादायक स्मृतियों को साझा किया।

रजत जयंती समारोह में विद्यालय के म्यूजिक बैंड कॉस्मिक रिदम द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आयोजित बास्केटबॉल मैच ने उत्सव को और भी आनंदमय बना दिया। विद्यालय के डायरेक्टर शिवम बुधराजा ने अपने संबोधन में शिक्षा के आधुनिक स्वरूप और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए संस्था के प्रति अपनी सकारात्मक दृष्टि और संकल्प को साझा किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को इस ऐतिहासिक पड़ाव की बधाई दी।



विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शैक्षणिक यात्रा में शिक्षकों और विद्यार्थियों की भूमिका को रेखांकित किया और संस्था के प्रति अपने समर्पण को अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर मैनेजर रोहित धवले, समस्त को-ऑर्डिनेटर्स, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

राम शांति विद्या मंदिर की यह रजत जयंती सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि उन मूल्यों, उपलब्धियों और विश्वासों की पुनः पुष्टि है, जिनके साथ यह संस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## सार-समाचार

### वार्ड नौ लहगडुआ में कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 2 जुलाई 2025 दिन बुधवार को कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोषी गजभिये, नगर अध्यक्ष नेहा आम्रवंशी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे के मार्गदर्शन में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संतोषी गजभिये द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण, महिलाओं को रोजगार, उनके जीवन उत्थान एवं विकास के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीमा मण्डराह, किरण गजभिये, शर्मिला चौधरी, पुष्पा पहाड़े, ममता रावेल, ललिता बोनेकर, सुमन पहाड़े, सरिता गोनेकर, कंचना मिनोटे, पुष्पा पहाड़े, संगीता पहाड़े, अज्जू बघेल, पंचफुला रंगारे, ममता बिंझाड़े, दीक्षा डेहरिया, अंजना टांडेकर सहित सैंकड़ों महिलायें उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेट्स ने नेर जमुनिया गांव में सफाई के बाद किया पौधारोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डी.डी.सी. महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने 24 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के आदेशनुसार लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की बॉयज एवं गर्ल्स विंग द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम जमुनिया में आसपास की सफाई करते हुए वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में फलदार तथा छाया दार पौधो का रोपण किया। कैडेट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीण जनों को जागरुक करते हुए पौधो के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन सी सी के बॉयज एवं गर्ल्स विंग का विशेष सहयोग रहा।

### कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ करेगा आंदोलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार में सिर्फ गरीब कल्याण की बात होती है, गरीबों का कल्याण नहीं होता। इसका जीता जागता उदहारण है राशन वितरण प्रणाली। तीन माह का एकमुश्त राशन दिया जाना था जो आज तक नहीं दिया गया है। चावल के लिए तो गरीब परिवार तरस रहे हैं। राशन वितरण प्रणाली के अंतर्गत अभी तक केवल 66 फीसदी ही चावल वितरित किया गया है। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भाजपा सरकार के द्वारा राशन वितरण में की जा रही धांधली के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान ने प्रशासन से मांग की है कि पात्र परिवारों को नियमानुसार अविलम्ब चावल प्रदान किया जाए अन्यथा कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रशासन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन व प्रशासन की होगी।

### कांग्रेस सेवादल में हुई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल में नवनियुक्ति की गई है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की सहमति उपरांत कांग्रेस सेवादल में ऋतुराज पटेल को छिन्दवाड़ा ग्रामीण में विधानसभा का महासचिव मनोनीत किया है। ऋषभ डेहरिया को ब्लॉक सचिव, भानु मालवी को ब्लॉक संयुक्त सचिव, चंचलेश मालवी को विधानसभा छिन्दवाड़ा महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

# अष्टानिका महापर्व का भव्य शुभारंभ आज जैन मंदिरों में आठ दिनों तक चलेगा विधान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक श्रावक-श्राविकाएं आज आषाढ़ शुक्ल अष्टमी गुरुवार 3 जुलाई से आगामी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई तक विविध अनुष्ठानों के साथ अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना करेगा।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंडल एवं फेडरेशन के तत्वावधान में आठ दिवसीय मंगल महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज प्रातः 7 बजे अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7:15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री नंदेश्वर दीप बाबन पूजन विधान का शुभारंभ होगा, 9:30 बजे से स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचन एवं 10:30 से संगोष्ठी होगी।

रात्रि 7 बजे से बच्चों की पाठशाला एवं 8:30 बजे से शास्त्र स्वाध्याय होगा जो आगामी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार 10 जुलाई तक नियमित रूप से चलेगा। विशेष आयोजन के अंतर्गत श्रावण वदि एकम शुक्रवार 11 जुलाई के शुभ दिन श्री वीर शासन जयंती महोत्सव मनाया जावेगा।

इसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से मंडल एवं फेडरेशन के सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, रमेश चंद्र सिंघई,




डॉक्टर के.सी. जैन, महेंद्र जैन, अशोक वैभव, प्रमोद पाटनी, रमेश पांडे, प्रमोद जैन, विमल जैन, प्रकाश अहिंसा, अजय कौशल, प्रफुल्ल जैन, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, आशीष कौशल, विशाल शास्त्री, सिद्धांत जैन सहित समस्त जिनशासन सेवकों द्वारा की गई है।

# आईटीआई की कैम्पस ड्राइव में 38 प्रशिक्षणार्थियों का चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय आई.टी.आई. छिन्दवाड़ा में कल 2 जुलाई को वी.ई. कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड पीथमपुर जिला धार द्वारा फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, ग्राइंडर, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं मैकेनिक डीजल व्यवसाय के लिए आई.टी.आई. उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप हेतु कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में 13 महिला एवं 72 पुरुष कुल 85 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।



कम्पनी प्रतिनिधि अर्पित चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद 6 महिला एवं 32 पुरुष कुल 38 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया, जिनका मासिक वेतन 13,500/- रूपये होगा।

इस अवसर पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों को संस्था प्राचार्य सी.बी. उईके एवं प्लेसमेंट अधिकारी शिव कुमार सनोडिया द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# नाली जाम होने से घर में घुस रहा है बारिश का गंदा पानी

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 21 मे रहने वाली विनीता श्रीवास्तव ने नाली जाम होने से बारिश का गंदा पानी घर में घुसने की शिकायत की है, जिसमें कहा गया है कि गंदा पानी टंकी में गिर रहा है, जिससे पीने का पानी दूषित हो रहा है। वार्ड पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. तथा एस.डी.एम. एवं कलेक्टर को दी गई शिकायत में नाली की सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था बनाने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि बारिश के पूर्व भी शिकायत की गई थी कि वर्षाकाल में नाली जाम होने की संभावना है और पानी की निकासी नहीं होगी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया अब परेशानी हो रही है।

# प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से बदली जीवन की तस्वीर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा की ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम केवलारी निवासी धनराज भारती ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवास का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा कर सबके लिए मिसाल पेश की है।



उन्होंने मात्र दो महीने की अवधि में सुंदर, मजबूत और व्यवस्थित पक्का मकान बनाकर यह दिखा दिया कि सरकारी योजनाएं यदि ईमानदारी और मेहनत से अपनाई जाएं तो कितनी तेजी से जीवन बदल सकता है।

उल्लेखनीय है कि जिले में यह कार्य तेज़ी से हो रहे हैं, जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार के नेतृत्व में निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है।

सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण समय सीमा में पूर्ण हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है तथा जिनका नाम योजना के लिए स्वीकृत हो गया है उन्हें काम करवाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

# भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने छिन्दवाड़ा सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित होने एवं छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू के भाजपा राष्ट्रीय परिषद में मध्यप्रदेश से सदस्य बनने पर सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में नगर भाजपा मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता द्वारा आतिशबाजी कर एवं मिष्ठान वितरण करके जश्न मनाया गया।



इस अवसर पर समस्त भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं प्रदान की गई। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल जो की संघटनात्मक दृष्टि से छिंदवाड़ा जिले के निर्वाचन अधिकारी भी थे, भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत उनके नेतृत्व में जिले के समस्त 30 मंडलों में अध्यक्ष नियुक्त हुए। इस हेतु छिंदवाड़ा जिले के मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं में श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष व्याप्त है।

साथ ही छिंदवाड़ा से पहली बार किसी भी आम चुनाव में भाजपा सांसद जीतने के पश्चात स्थानीय सांसद बंटी विवेक साहू को भाजपा की राष्ट्रीय परिषद में सदस्य निर्वाचित होने पर छिंदवाड़ा जिले के कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान किया गया है इस हेतु प्रदेश नेतृत्व का उन्होंने आभार व्यक्त किया। श्री शुक्ला ने बताया बताया कि श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने और सांसद बंटी विवेक साहू के भाजपा राष्ट्रीय परिषद में सदस्य बनने पर भाजपा संगठन को और मजबूती मिलेगी।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष जागेंद्र अल्डक ने बताया कि पड़ोसी जिले बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल छिंदवाड़ा के अधिकतम कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से परिचित है एवं संघटनात्मक कार्यक्रमों में उनका लगातार छिंदवाड़ा आना जाना होता रहा है। छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भी सह प्रभारी के रूप में उनके नेतृत्व में भाजपा को विजय प्राप्त हुई थी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जागेंद्र अल्डक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, गुलाबरा मंडल महामंत्री आशुतोष वाडीवा, पंकज पाटनी, कुंदन मिगलानी, पार्षद जगदीश गोदरे, भूरा भावरकर, मयूर पटेल, शिव सरसवार, नीरज ब्रह्मवंशी, ममता डोंगरे, आलोक साहू, जीतू मालवी, सुरेंद्र भारद्वाज, सुनील परतेती, अनिल सोनी, चेतन सोनी, लकी पाल, कुणाल पाल, ऋषभ ताम्रकार, यश पैठने, मोहित बुनकर, संदीप माहौरे, सागर बंदेवार, मंगेश कपाले, संतोष साहू, आशुतोष गुप्ता, मंगेश सोनी, सुरेन्द्र भारद्वाज, राजा गढ़ेवाल, रूपेश साहू, सुमित दुबे सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अमरवाड़ा विधायक ने दी नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को बधाई

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** कल 2 जुलाई को भोपाल प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुँच कर नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल का अमरवाड़ा विधानसभा की और से बधाई प्रेषित किया। और सी.एम. सहित आने का आमंत्रण दिया।



# तुइयापानी में आदिवासी परिवार के साथ मारपीट, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हर्रई थाना क्षेत्र के ग्राम तुइयापानी में बीती रात एक आदिवासी परिवार के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। इस घटना के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।



घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग हरकत में आया। मौके पर तहसीलदार, एडिशनल एसपी आयुष गुप्ता सहित हर्रई, चौरई और जुन्नारदेव थानों के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अफसरों ने ग्रामीणों से चर्चा कर मामले की निष्पक्ष जांच और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध समाप्त किया।

एडिशनल एस.पी. आयुष गुप्ता ने बताया कि घटना को लेकर जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

इस घटना ने एक बार फिर आदिवासी समुदाय की सुरक्षा और सामाजिक समरसता के सवालों को सामने ला खड़ा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# छह मेडिकल दुकानों के लाइसेंस निलम्बित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक गौरव शर्मा द्वारा कल 2 जुलाई को जिला छिंदवाड़ा स्थित दवा दुकानों की जाँच की गई। जाँच में मेसर्स अमित मेडिकल स्टोर्स हाई स्कूल के पास, बाज़ार रोड चांदामेटा, तहसील परासिया, मेसर्स अरिहंत मेडिकल फव्वारा चौक, पुराना बस स्टैंड के पास अमरवाड़ा, तहसील-अमरवाड़ा, मेसर्स दीपक मेडिकल मेन रोड अंबेडकर पार्क के पास अमरवाड़ा, मेसर्स भारत मेडिकल एजेन्सीज दुकान क्रमांक-11, पदम कॉम्प्लेक्स, सिवनी रोड तहसील छिंदवाड़ा, ईश्वराम्मा मेडिकल एंड सर्जिकल दुकान क्रमांक-22 एवं 23 जिला अस्पताल के पास टी.आई.टी. कॉम्प्लेक्स नागपुर रोड जिला छिंदवाड़ा, मेसर्स उज्वल मेडिकल स्टोर्स वेला विश्वकर्मा की दुकान, वार्ड क्रमांक-04 रेल्वे ब्रिज के पास पिपरिया रोड तहसील- परासिया में औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 की नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाए जाने पर जाँच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा को प्रेषित किया गया। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा दुकान के मालिक/पार्टनर/संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया।

मेसर्स अमित मेडिकल स्टोर्स हाई स्कूल के पास बाज़ार रोड चांदामेटा तहसील परासिया के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाड़ा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 10 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

अरिहंत मेडिकल फव्वारा चौक पुराना बस स्टैंड के पास अमरवाड़ा जिला छिंदवाडा के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

मेसर्स दीपक मेडिकल मेन रोड अंबेडकर पार्क के पास अमरवाड़ा जिला छिंदवाडा के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

मेसर्स भारत मेडिकल एजेन्सीज दुकान क्रमांक-11 पदम कॉम्प्लेक्स सिवनी रोड तहसील व जिला छिंदवाड़ा के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

ईश्वराम्मा मेडिकल एंड सर्जिकल दुकान क्रमांक-22 एवं 23 जिला अस्पताल के पास टीआईटी कॉम्प्लेक्स नागपुर रोड जिला छिंदवाडा के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाड़ा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

मेसर्स उज्वल मेडिकल स्टोर्स वेला विश्वकर्मा की दुकान वार्ड क्रमांक-04 रेल्वे ब्रिज के पास पिपरिया रोड तहसील परासिया के प्रोपराइटर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा के आदेश 06 जून 2025 द्वारा दुकान के प्रोपराइटर को स्वीकृत ड्रग लाइसेंस आदेश प्राप्ति दिनांक से 05 दिवस के लिए निलंबित किये गए। निलंबन अवधि में इस दवा दुकान से औषधियों का क्रय एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा के औचक निरीक्षण के दौरान मेसर्स राम फार्मा, संदीप इंगले की दुकान चाँद रोड भारत नगर बोहता चौक के पास जिला छिंदवाड़ा को मेडिकल स्टोर में रेफ्रीजरेटर स्थापित नहीं पाये जाने स्टोर में अवसान तिथि बीत चुकी औषधियों के प्रथक संग्रहण के लिये कोई भी बॉक्स/कार्टून आदि संधारित नहीं होने, निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक के द्वारा मांगे जाने पर निरीक्षण पुस्तिका (फॉर्म-35) प्रस्तुत नहीं करने पर एवं दीप मेडिकल स्टोर लालबाग वार्ड क्रमांक-08 पी.जी. कॉलेज रोड जिला छिंदवाडा को निरीक्षण के दौरान स्टोर में अवसान तिथि बीत चुकी औषधियां विक्रय के लिये संग्रहीत औषधियों के साथ संग्रहीत पाई जाने एवं मेडिकल स्टोर में बिक्री के लिये संग्रहीत स्टॉक के साथ नरकोटिक औषधि अप्राजोलम की गोलिया 0.5 संग्रहीत पाई जाने एवं इस औषधि के क्रय रिकॉर्ड के बारे में जानकारी मांगे जाने पर प्रस्तुत ना करने के संबंध में औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 की नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाए जाने पर जाँच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा को प्रेषित किया गया। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा इस दुकान के प्रोपराइटर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण माँगा गया है। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा संतोषप्रद न होने की स्थिति में नियमानुसार स्वीकृत लाइसेन्स निलंबन/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## सार-समाचार

### डॉ. रितिका चौरसिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आई.सी.ए.आर. इण्डिन वेटनरी रिसर्च इन्सीट्यिूट डीम यूनिवर्सिटी इज्जत नगर बरेली उ.प्र. द्वारा डॉ. रितिका चौरसिया को पशु चिकित्सा पारजैविकी विज्ञान में डाक्टरेट की उपाधि (पी.एच.डी.) राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की उपस्थिति में प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी का यह ग्यारहवा दीक्षांत समारोह 30 जून को इज्जत नगर में सम्पन्न हुआ। डॉ. रितिका चौरिसिया जबलपुर वेटनरी कालेज में अस्टिेन्ट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। डॉ. रीतिका चौरसिया सेवानिवृत्त इंजीनियर राजेश चौरसिया श्रीमति उषा चौरसिया की सुपुत्री हैं। डॉक्टरेड की उपाधि मिलने पर सभी ने उन्हें बधाई दी।



### दयानंद ने मेडिकल ओवरब्रिज पर हो रहे गड्ढों को भरा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में आये दिन वाहन दुर्घटनायें को देखते हुये आमजन को इससे राहत दिलाने समाजसेवी दयानंद ने आज मेडिकल कालेज स्थित ओवर ब्रिज एवं मेडिकल रोड पर हो रहे गड्डो को भरा। ज्ञात हो कि इस ओवर ब्रिज के दोनों ओर रात्रि के समय अक्सर डिवाईडर स्पष्ट नहीं दिखने के कारण लोगों के वाहन टकरा जाते हैं, जिसके चलते दुर्घटनायें होती हैए इस पर रोक लगाने के लिये उन्होनें पूर्व में ओवर ब्रिज के दोनों ओर डिवाईडर पर रेडियम पट्टी लगायी थी ताकि भविष्य में कुछ हद तक इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। उन्होने प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन मुख्य चैराहों को चिन्हित कर उन स्थानों पर इसी तरह रेडियम के पट्टी लगवाये साथ ही मुख्य मार्गो में हो रहे बड़े-बड़े गड्डो को तत्काल भरे जिससे आये दिन हो रही वाहन दुर्घटना पर रोक लग सके।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया हायर सेकडरी विद्यालयों का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा छिन्दवाड़ा विकासखण्ड के अतरवाड़ा संकुल के प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल पिंडरईकलां, हाईस्कूल बोरिया एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय अतरवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाईस्कूल बोरिया में कुल दर्ज 32 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये एवं कुल 7 शिक्षकों में से 6 शिक्षक उपस्थित पाये गये। पिंडरईकलां विद्यालय में कुल 117 विद्यार्थियों में से 110 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये, जबकि अतरवाड़ा विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं में कुल 206 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। इन सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक निगम से प्राप्त नि:शुल्क पुस्तकों का विद्यार्थियों को वितरण किया जा चुका है एवं एक पेड़ माँ के नाम के अतर्गत विद्यालयों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है।



# देसी पिस्टल लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में लगातार आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, इस क्रम में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने कट्टा लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया है कि आरोपित हरीश चंद्र पिता रामलाल फरकारे 31 निवासी बिसापुर खुर्द चौकी उमरानाला थाना मोहखेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देशी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस को सोमवार रात को सूचना प्राप्त हुई कि इमलीखेड़ा चौक के पास ओम आदित्य रेसीडेंसी रोड पर एक युवक काले रंग की जींस पहना है और कमर में देशी पिस्टल रखे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल टीम गठित की और आरोपित को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष धुर्वे, सतीश दुबे, आरक्षक विकास बैस, शैलेंद्र राजपूत, आरक्षक अमित तोमर, थाना कोतवाली साइबर सेल के प्रधान आरक्षक नितिन सिंह की अहम भूमिका रही।

# एकीकृत माध्यमिक शाला नजरपुर के प्रधान पाठक को दी गई विदाई

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत नजरपुर के अंतर्गत आने वाली एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नजरपुर मे प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रहे मनोज कुमार राय 38 वर्ष की नौकरी करने के पश्चात सेवानिवृत हुए जिनका स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया गया।



इस दौरान पुष्पहार पहनाकर शिक्षकों के द्वारा एवं पुष्पगुच्छ देकर शिक्षिकाओं के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस मौके पर सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक मनोज कुमार राय ने उद्बोधन देते हुए शिक्षक की नौकरी के दौरान स्कूल में बिताए हुए अपने पल साझा किए एवं अपने अनुभव को भी व्यक्त किया और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्कूल के स्टाफ के द्वारा शाल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान कर बिदाई दी

# जिले में शांति और सद्भाव के साथ मनाया जायेगा मोहर्रम पर्व

## जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोहर्रम का पर्व चांद नज़र आने के बाद 27 जून से प्रारंभ हो गया है, जो 06 जुलाई 2025 तक मनाया जायेगा। मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिये कल 2 जुलाई को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में समिति के सभी सदस्यों से बारी-बारी से सुझाव लिये गये और सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय के उपरांत संबंधित अधिकारियों को तद्नुरूप आवश्यक कार्यवाही करते हुये समुचित व्यवस्थायें बनाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर सिंह और पुलिस अधीक्षक पाण्डेय ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि त्यौहार में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जायेंगी और हर संभव सहयोग किया जाएगा।

साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, मार्गों को ठीक करने, मार्गों से अतिक्रमण हटाने, विद्युत के झूलते तारों को सही करने, ताजियों के विसर्जन स्थल बड़ा तालाब में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, पंडाल, पानी, कुर्सी आदि व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें संबंधित विभागों के माध्यम से कराई जाएंगी। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मोहर्रम का त्यौहार आपसी समन्वय, शालीनता और शांति के साथ पूरे उल्लास से मनायें। त्यौहारों में धार्मिकता व सामाजिक समरसता के भाव के साथ ही आपसी भाईचारा और सौहार्द्र बनाये रखें। जिले की परंपरा के अनुरूप इस बार भी शांति, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं भाईचारे के साथ सभी धर्मो का सम्मान करते हुये कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा कि त्यौहार परंपरागत तरीके से ही मनाएं। प्रतिदिन के कार्यक्रम के लिए अलग-अलग वॉलंटियर्स की सूची उपलब्ध करा दें। बाहरी व्यक्तियों पर पूरी नजर रखें। ताजिए की ऊंचाई पूर्व वर्षों की भांति ही रखें। पुलिस की ओर से पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा और आवश्यकता के अनुरूप महिला पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रहेंगी।

शांति समिति के सदस्यों ने भी पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी अमन एवं शांति से आपसी भाईचारे की भावना के साथ सभी पर्व मनाये जाने के लिये जिला एवं पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया। बैठक में ए.एस.पी. आयुष गुप्ता, प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन सहित नगर निगम, एम.पी.ई.बी. व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक और समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### मोहर्रम पर्व के दौरान कुरान ख्वानी और दावते खिचड़ा के लिये व्यवस्था

बैठक में अवगत कराया गया कि इस वर्ष भी मोहर्रम का त्यौहार चांद नजर आने के बाद 27 जून से प्रारंभ हो गया है जो आगामी 06 जुलाई 2025 तक मनाया जायेगा। तहसीलदार छिन्दवाड़ा, आयुक्त नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा, नगर निरीक्षक सिटी कोतवाली एवं कुण्डीपुरा को निर्देशित किया गया कि वह अपने स्तर पर बैठक आयोजित करते हुये सवारियों से संपर्क कर व्यवस्था बनायें। आयोजित कार्यक्रम के लिये 06 जुलाई को कार्यक्रम प्रारंभ से समाप्ति तक मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई जायेगी।

मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक अर्थात 06 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आजाद चौक, राज टाकीज के पास, बड़ा इमाम बाड़ा, छोटा इमाम बाड़ा, अली नगर, पटेल आटा चक्की के पास, पुराना बैल बाजार, पूजा लॉज के पास, मोती मस्जिद के पास गुलाबरा, काजी मोहल्ला, ऊंट खाना, सागर पेशा, नया कब्रस्तान के पास, यादव कालोनी, महाराजा लॉन के पास, सामुदायिक भवन में और अन्य जगहों पर महिलाओं की कुरान ख्वानी (कुरान शरीफ का पाठ) तथा दरगाह भैयाजी सरकार के पास पुरूषों की कुरान ख्वानी प्रत्येक रात्रि 8 से लगभग 11 बजे तक चलेगी।

मोहर्रम की एक तारीख से मोहर्रम की दस तारीख तक शहर के कई स्थानों पर खिचड़ा, पकवान खिलाने की दावत का प्रबन्ध किया जाता है, विशेष तौर पर कर्बला चौक, ईद मिलादुन्नबी ग्राउण्ड एवं राज टाकीज के पास। मोहर्रम की 6 तारीख मतलब 02 जुलाई को अकबरी मस्जिद के पास छोटा इमामबाड़ा में शहीदी का प्रोग्राम रात 9 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चला। मोहर्रम के आठवें दिन 04 जुलाई को रात्रि 7 बजे कौमी एकता कमेटी द्वारा पुराना बैल बाजार परफैक्ट फर्नीचर के सामने लंगर, हुसैन (खिचड़ा खिलाने) का प्रोग्राम रखा गया है।

### सवारियों का भ्रमण एवं ताजिया जुलूस

मोहर्रम की सात तारीख 03 जुलाई को रात्रि में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अपने निश्चित स्थान से सवारियां उठकर शहर का भ्रमण करेंगी। मोहर्रम की आठ तारीख 04 जुलाई को रात्रि में केवल एक सवारी नाले हैदर बड़ा ईमामबाड़ा से उठकर शहर का भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ा जनसमूह होगा। मोहर्रम की 10 तारीख 06 जुलाई को बड़ा तालाब में ताजियों को ठंडा किया जायेगा।